उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक/Ref. No. : 1923 दिनांक/Date : 30/03/2021

अधिसूचना / विज्ञप्ति

विषय :– आयोग द्वारा लिखित परीक्षा का परिणाम जारी करने के साथ ही सभी उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की प्रवीणता सूची के प्रकाशन के सम्बन्ध में।

विदित है कि वर्तमान में आयोग द्वारा परीक्षा परिणाम जारी किया जा रहा है, जिसमें चयन सूची में स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों का विवरण दिया जाता है। कई अभ्यर्थी जो चयन सूची में स्थान प्राप्त नहीं कर पाते हैं किन्तु उनके प्राप्तांक कटऑफ के निकट होते हैं, वे आयोग से विभिन्न माध्यमों से जानकारी प्राप्त करते रहते हैं। इन विषयों का संज्ञान लेते हुए आयोग द्वारा यह निर्णय लिया गया कि अब आयोग परीक्षा के उपरान्त औपबंधिक चयन सूची जारी करने के साथ–साथ सभी उत्तीर्ण अभ्यर्थियों (न्यूतम अर्हकारी अंक सामान्य व ओ.बी.सी. श्रेणी 45 अंक तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति 35 या अधिक अंक प्राप्त करने वाले) की सूची भी निम्न प्रारूप पर आयोग की वैबसाइट पर प्रकाशित की जायेगी –

क्र.सं.	अनुक्रमांक	नाम / पिता या पति का नाम	लिंग	श्रेणी	उप श्रेणी	नार्मलाइज्ड अंक

नोट :– 1. जहां पर एक ही प्रश्न पत्र से परीक्षा हुई हो वहां पर नार्मलाइज्ड अंक के स्थान पर वास्तविक अंक होंगे।

2. इसके साथ ही अभ्यर्थी यदि चाहे तो अपने प्राप्ताकों का विस्तृत विवरण भी ओ0टी0पी0 के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। अभ्यर्थियों के व्यक्तिगत विवरण में उनकी ओ.एम.आर.सीट की प्रति (Image) या ऑनलाइन परीक्षा के मामले में उनके रिस्पांस तथा नार्मलाइज्ड अंक व वास्तविक अंक भी देख सकते हैं।

3. यह नई व्यवस्था चयन में पारदर्शिता व अभ्यर्थियों की सुविधा के साथ–साथ इसलिए भी लागू की जा रही है कि अपनी–अपनी श्रेणी में कटऑफ के ठीक नीचे के अभ्यर्थी अपने चयन की संभावना के प्रति सजग रहें व यदि अभिलेख सत्यापन के बाद कोई अभ्यर्थी अनुपस्थित या अनर्ह पाये जाते हैं तो उन्हें अल्प सूचना पर भी बुलाया जा सके, इससे चयन को समय पर पूरा करने में आयोग को आसानी होगी।

राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय परिसर, रिंग रोड़, लाडपुर, देहरादून, उत्तराखण्ड Office Campus of State Election Commission, Ring Road, Ladpur, Dehradun, Uttarakhand
दूरभाष (कार्या०): 0135-2669658, फैक्सः 0135-2672902, वैबसाईटः www.sssc.uk.gov.in, ईमेलः chayanayog@gmail.com

पत्रांक/Ref. No. : 1923 ....

दिनांक/Date : 30/03/2021

4. अर्हकारी अंक (35 व 45) से कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी चूंकि लिखित परीक्षा में अनर्ह (Disqualify) हो गये हैं। अतः इन्हें इस सूची में शामिल करने का औचित्य नहीं है किन्तु अपने व्यक्तिगत परिणाम ऐसे अभ्यर्थी भी OTP के माध्यम से देख सकेंगे।

अभ्यर्थी कृपया परीक्षा परिणामों के उपरान्त उपरोक्त प्रवीणता सूची का भी संज्ञान लें।

आयोग की ओर से

30/3

(संतोष बडोनी)
सचिव

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. अपर मुख्य सचिव, कार्मिक एवं सतर्कता विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. निजी सचिव, मा0 अध्यक्ष महोदय, उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग।
3. परीक्षा नियंत्रक, उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, देहरादून।
4. कम्प्यूटर प्रोग्रामर, उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को इस आशय से कि उपरोक्त अधिसूचना को आयोग की वैबसाईट पर प्रकाशित करायें तथा इन सूचियों के लिए वैबसाईट पर लिंक भी तैयार करें।
5. गार्ड फाईल।

30/3

(संतोष बडोनी)
सचिव